भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2172
दिनांक 31 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए

पोषण ट्रैकर

2172. **श्री ससिकांत सेंथिल:**

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पोषण ट्रैकर देश में बच्चों के पोषण संबंधी सूचकों को दर्ज करता है जिसमें बौनापन, दुबलापन, गंभीर दुबलापन और कम वजन की स्थिति शामिल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान उक्त श्रेणियों में से प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत दर्ज किए गए बच्चों की तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;
(ग) क्या उक्त राज्य के आंगनवाड़ी केंद्रों से चिकित्सा देखभाल के लिए संदर्भित बच्चों की संख्या सहित जिला-वार आंकड़ें रखे जाते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या उक्त राज्य के तिरुवल्लूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्र कार्यशील शारीरिक विकास निगरानी उपकरणों से लैस हैं/पोषण ट्रैकर पर नियमित रूप से पोषण संबंधी डेटा अपलोड कर रहे हैं; और
(ङ) यदि हां, तो पोषण निगरानी, क्षमता निर्माण, डेटा सटीकता सुधार के लिए जारी धनराशि और बाल पोषण आंकड़ों की सार्वजनिक उपलब्धता को सुदृढ़ करने के लिए उठाए गए कदमों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (ङ): मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत विभिन्न संकेतकों के आधार पर सभी लाभार्थियों की निगरानी एवं ट्रैकिंग हेतु 'पोषण ट्रैकर' नामक आईसीटी

निगरानी तंत्र लागू किया गया है। पोषण ट्रैकर के अंतर्गत उपलब्ध प्रौद्योगिकी का उपयोग बच्चों में बौनेपन, दुबलापन तथा कम वजन की व्यापकता की गतिशील पहचान के लिए किया जा रहा है। पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन पर उपलब्ध पोषण संबंधी संकेतकों के आंकड़ों के साथ-साथ सभी राज्यों (तमिलनाडु सहित) एवं संघ राज्य क्षेत्रों में पंजीकृत बच्चों की संख्या का विवरण सार्वजनिक डैशबोर्ड https://www.poshantracker.in/statistics पर उपलब्ध है।

तमिलनाडु राज्य द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों से चिकित्सा देखभाल के लिए भेजे गए बच्चों की जिला-वार संख्या की सूचना अनुलग्नक-I में है।

देश के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में सभी पंजीकृत लाभार्थियों की वृद्धि को नियमित रूप से मापने के लिए 4 ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस अर्थात इन्फैंटोमीटर, स्टेडियोमीटर,शिशु वजनमापी मशीन (वैइंग स्केल इन्फेंट) और मां तथा बच्चे की वजनमापी मशीन (वैइंग स्केल-मदर एंड चाइल्ड) का प्रावधान है। इसके अलावा, मिशन के तहत उपलब्ध कराई गई डेटा रिचार्ज सुविधा के साथ स्मार्टफ़ोन का उपयोग करके आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 'पोषण ट्रैकर' ऐप पर वृद्धि माप समेत सभी संकेतकों का डेटा एंट्री किया जाता है।

मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान तमिलनाडु राज्य के लिए 636.6 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

****

अनुलग्नक ।

तमिलनाडु राज्य में 1-4-2026 से 25-07-2026 तक आंगनवाड़ी केंद्रों से चिकित्सा देखभाल के लिए रेफर किए गए बच्चों की ज़िलेवार संख्या नीचे दी गई है:

क्र.सं.	जिले का नाम	कुल रेफरल
तमिलनाडु		**57,971**
1	अरनथंगी	1,821
2	अरियालुर	1,119
3	अत्तूर	722
4	चेंगलपट्टू	670
5	चेन्नई	1,113
6	चेय्यार	645
7	कोयंबटूर	3,402
8	कुड्डालोर	3,710
9	धर्मपुरी	953
10	डिंडीगुल	1,054
11	इरोड	3,532
12	कल्लाकुरिची	1,570
13	कांचीपुरम	205
14	करूर	409
15	कोइलपट्टी	547
16	कृष्णागिरी	749
17	मदुरै	2,510
18	माइलादुत्रयी	395
19	नागपट्टिनम	576
20	नागरकोइल	346
21	नमक्कल	3,127
22	पलानी	860
23	परमाकुदी	1,049
24	पेरम्बलुर	1,350
25	पोनामल्ली	265
26	पुडुकोट्टई	889
27	रामनाथपुरम	1,586
28	रानीपेट	250
29	सलेम	2,202
30	शिवगंगा	365

क्र.सं.	जिले का नाम	कुल रेफरल
31	शिवकाशी	1,145
32	तेनकासी	944
33	तंजावुर	646
34	थेनी	645
35	थूथुक्कोडि	510
36	तिरुचिरापल्ली	1,730
37	तिरुनेलवेली	1,539
38	तिरुपथुर	1,865
39	तिरुपूर	2,044
40	तिरुवल्लूर	2,230
41	तिरुवन्नामलाई	2,367
42	तिरुवरुर	773
43	उद्गमंडलम	115
44	वेल्लोर	775
45	विल्लुपुरम	1,499
46	विरुधुनगर	1,153

****